AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# पहले दिन 3800 ने कराया पंजीकरण, 2,721 ने लॉक किए विकल्प

माई सिटी रिपोर्टर



**लविवि काउंसलिंग : पंजीकरण की अंतिम तारीख 28 सितंबर, 29 सितंबर रात 12 बजे तक भर सकेंगे विकल्प**

**इस साल स्नातक स्तर पर मेरिट के आधार पर हो रहे दाखिले**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से शुरू हुई स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम की काउंसलिंग में पहले दिन 3,806 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया और 2,721 ने सीट लॉक भी कर दी। लविवि ने परिसर के साथ ही 68 कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया मंगलवार से शुरू की है। पंजीकरण की अंतिम तारीख 28 सितंबर रखी गई है और अभ्यर्थी 29 सितंबर को रात 12 बजे तक अपने विकल्प भर सकेंगे।

कोरोना संक्रमण की वजह से लविवि में इस साल स्नातक स्तर पर दाखिले मेरिट के आधार पर हो रहे हैं। इस साल लविवि में बीते साल के मुकाबले करीब 40 फीसदी अधिक 38 हजार 878 आवेदन आए हैं। बीते साल 27 हजार 793 आवेदन आए थे। वहीं एलएलबी ऑनर्स में पिछले साल 2,350 व इस साल संख्या करीब दोगुनी 4,626 पहुंच गई है। इसके अलावा बीकॉम में कुल आवेदन 10 हजार 889 हैं।

बीएससी बायो में 4029 और बीएससी मैथ्स में 6481 आवेदन हैं। लविवि की फाइनल मेरिट इंडेक्स के अनुसार बीए, बीएससी और बीकॉम में करीब 700 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्हें 12वीं में 90 फीसदी से ज्यादा नंबर हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि लविवि में दाखिले के लिए काफी जोर आजमाइश देखने को मिलेगी।

**बीए में विकल्प भरने को वीडियो देखने की सलाह**

*लखनऊ विवि में बीते साल बीए को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रम में ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसलिंग हुई थी। बीए में काफी विषय होने की वजह से ऑफ कैंपस काउंसलिंग में समस्या होती है। इस साल लविवि के साथ ही कॉलेज में भी दाखिले होने हैं। ऐसे में विकल्प भरने में अभ्यर्थियों को कुछ समस्या हो सकती है। इसको ध्यान में रखते हुए लविवि ने बीए पाठ्यक्रम के लिए अलग से वीडियो अपलोड किए हैं। अभ्यर्थी इनको देखकर अपने विकल्प भर सकते हैं, जिससे कि उन्हें सीट मिलने में समस्या न हो।*

NBT PAGE 4


# एलयू में अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी तैयार होंगे

## खेलो इंडिया का केंद्र एलयू में खोलने की कुलपति ने दी मंजूरी

■ एनबीटी,लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में अव हॉकी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। एलयू प्रशासन ने अपने यहां खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने को लेकर मंजूरी दे दी है। इस केन्द्र में अव हॉकी के खिलाड़ी तैयार किए जाएंगे।

एलयू एथेलेटिक्स असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने वताया कि क्षेत्रीय खेल अधिकारी की ओर से खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने के संवंध में पत्र आया था। कुलपति ने भी इसकी अनुमति दे दी है। उसके आधार पर मंगलवार को क्षेत्रीय खेल अधिकारी को पत्र जारी कर दिया गया है। डॉ. नीरज जैन का दावा है कि विश्वविद्यालय के पास अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं कराने के लिए तीन-तीन मैदान हैं। इसके अलावा नए वास्केटवॉल कोर्ट दोनों परिसरों में वनाए जा रहे हैं। क्रिकेट की अत्याधुनिक पिच का निर्माण प्रस्तावित है। सभी छात्रावासों में टीटी की टेवल एवं खेल सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है । साथ ही साथ कैरम वोर्ड , शतरंज की व्यवस्था भी की गई है ।

HINDUSTAN PAGE 6



लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को परीक्षा देते छात्र और छात्राएं। परास्नातक की परीक्षाएं भी विवि में शुरू हो गई हैं।

# विवि में तैयार होंगे हॉकी के खिलाड़ी

अच्छी खबर

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ विश्वविद्यालय में अब हॉकी के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने को लेकर मंजूरी दे दी है। इस केन्द्र में हॉकी के खिलाड़ी तैयार किए जाएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने बताया कि क्षेत्रीय खेल अधिकारी की ओर से खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने के संबंध में पत्र आया था। कुलपति ने भी इसकी अनुमति प्रदान कर दी है।

उन्होंने बताया कि उसके आधार पर मंगलवार को क्षेत्रीय खेल अधिकारी को पत्र जारी कर दिया है।

**अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सक्षम :** डॉ. नीरज जैन ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के पास हॉकी के लिए पर्याप्त संस्थान और मैदान हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं कराने के लिए तीन-तीन मैदान हैं। विश्वविद्यालय ये प्रतियोगिताएं कराने में पूरी तरह सक्षम है।

## छात्रों को ओपन जिम का लाभ मिलेगा

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को अब ओपन जिम का भी लाभ मिलेगा। डॉ. नीरज जैन ने बताया कि कुलपति के निर्देशों पर समस्त छात्रावासों में ओपन जिम की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा, नवीन बास्केटबॉल कोर्ट दोनों परिसरों में बनाए जा रहे हैं। क्रिकेट की अत्याधुनिक पिच का निर्माण प्रस्तावित है। समस्त छात्रावासों में टीटी की टेबल एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है । साथ ही साथ कैरम बोर्ड , शतरंज की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों की रुचि स्पोर्ट्स में बढ़ेगी।

परीक्षाएं

# विवि में स्नातक की परीक्षाएं समाप्त और पीजी की शुरू

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विवि में स्नातक अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार को समाप्त हो गईं। विवि प्रशासन का दावा है कि जल्द नतीजे जारी किए जाएंगे।

उधर, विश्वविद्यालय में परास्नातक की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इसके चलते परिसर में काफी हलचल रही है।

**2700 ने भरे विकल्पः** लम्बे इंतजार के बाद मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू हो गई। पहले दिन करीब 3806 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए शुल्क जमा किया। 2721 ने विकल्प लॉक किए। लविवि ऑनलाइन काउंसलिंग करा रहा है। काउंसलिंग के पहले दिन मंगलवार को वेबसाइट ने परेशान किया। अभ्यर्थी समस्याएं लेकर परिसर में भटकते रहे।

## कॉलेजों में सीटों के लिए पोर्टल देखें

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शहर के डिग्री कॉलेजों में शिक्षकों के खाली पदों की जानकारी अब अपने पोर्टल पर उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in में करियर सेक्शन के अंतर्गत इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान में अवध गर्ल्स पीजी कॉलेज की ओर से रिक्तियों के संबंध में जानकारी साझा करने को कहा गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सभी महाविद्यालयों को रिक्तियों के संबंध में पोर्टल पर सूचनाएं साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बीएड काउंसलिंग में 30 तक जुड़ें

**लखनऊ।** प्रदेश के बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए आगामी 19 अक्टूबर से प्रस्तावित काउंसलिंग से कॉलेज जुड़ सकते हैं। राज्य प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि 28 से 30 सितंबर तक कॉलेजों को काउंसलिंग प्रक्रिया से जुड़ने का एक और मौका दिया जाएगा। अभी तक प्रदेश के करीब 2100 कॉलेजों ने काउंसलिंग प्रक्रिया से जुड़ने के लिए आवेदन किया है। अभी करीब दो लाख 10 हजार सीटें हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

# लविवि में बनेगा खेलो इंडिया केंद्र



पढ़ाई के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय ने खेलों की दुनिया में भी अपनी धमक बनानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में जारी प्रयास के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय अब हॉकी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति मिल गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने बताया कि क्षेत्रीय खेल अधिकारी द्वारा खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव आया था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की ओर से अनुमति दे दी गई है।

डॉ. नीरज जैन के अनुसार लविवि में हॉकी के लिए पर्याप्त मैदान हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी व्यवस्थित ढंग से कराई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में ओपन जिम की सुविधा भी जल्द मुहैया होगी। कुलपति के निर्देश पर सभी हॉस्टल में ओपन जिम जल्द शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बास्केटबॉल कोर्ट, क्रिकेट पिच, हॉस्टलों में टेबल टेनिस की व्यवस्था भी की जा रही है।

## काउंसिलिंग में कॉलेजों को शामिल होने का एक और मौका

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड



19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच होने जा रही संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 की काउंसिलिंग प्रक्रिया से जुड़ने के लिए कॉलेजों को एक और मौका दिया जा रहा है। समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि कॉलेज 28 से 30 सितंबर तक काउंसिलिंग प्रक्रिया से जुड़ सकते हैं। दरअसल, अभी तक प्रदेश भर के करीब 2100 कॉलेजों ने काउंसलिंग प्रक्रिया से जुड़ने के लिए आवेदन किया है। जो कॉलेज रह गए हैं वे अपने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को पत्राचार करके ही जुड़ सकते हैं।

**लोहिया विवि और लविवि के कॉलेज हो सकेंगे शामिल :** प्रो. बाजपेई ने बताया कि अभी तक जिन कॉलेजों ने काउंसिलिंग के लिए आवेदन किया है, उस हिसाब से करीब दो लाख 10 हजार सीटें हैं, मगर अभी लोहिया विवि और लखनऊ विवि के कॉलेज पोर्टल पर अपलोड नहीं हुए हैं। ऐसे में इन दोनों विवि के कॉलेज अपलोड होने से सीटों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

# लविवि में बनेगा खेलो इंडिया का केंद्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने जाने कितने ही नामचीन हस्तियों को जन्म दिया है, जिन्होंने राजनीति से हर पेशे में अपनी पहचान स्थापित की है।

● **हॉकी में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होंगे तैयार**

अब विश्वविद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को लेकर गंभीर हो रहा है। इसके तहत लखनऊ विश्वविद्यालय अब हॉकी में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी तैयार करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने की अनुमति मिल गयी है। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने बताया कि क्षेत्रीय खेल अधिकारी की ओर से खेलो इंडिया का केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव के तहत 14 खेलों में एक खेल चुनने का विकल्प दिया गया था, जिसमें उन्होंने हॉकी लिया है। इस क्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की ओर से भी स्वीकृति दे दी गयी है। इस पर क्षेत्रीय खेल अधिकारी ने आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डॉ. नीरज जैन के अनुसार लविवि में हॉकी के लिए पर्याप्त मैदान हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी व्यवस्थित ढंग से करायी जा सकती हैं। इस खेल में विश्वविद्यालय की टीम भी पारंगत है।



**ओपन जिम की भी होगी सुविधा :** डॉ. नीरज जैन बताया कि विश्वविद्यालय में ओपन जिम की सुविधा भी जल्द मुहैया होगी। कुलपति के निर्देश पर सभी हॉस्टल में ओपन जिम जल्द शुरू किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में नये बास्केटबॉल कोर्ट, क्रिकेट की अत्याधुनिक पिच, हॉस्टलों में टेबल टेनिस की व्यवस्था भी की जा रही है। इंडोर गेम में कैरम बोर्ड व शतरंज की व्यवस्था भी रहेगी। इसके साथ ही प्रशासनिक भवन, टैगोर लाइब्रेरी, मालवीय सभागार के सामने पार्क और द्वितीय परिसर में भी नौ सुसज्जित खेल के उपकरण लगाये जायेंगे। यह सब रूसा के तहत किया जायेगा।